GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.10.2021**

# PIONEER

# जेसी बोस में हुआ मूल्य वर्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के बीटेक और एमटेक विद्यार्थियों के लिए रॉयल एनफील्ड के ऑटोमोबाइल उपकरणों पर तीन दिवसीय मूल्य वर्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 25 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन रॉयल एनफील्ड के विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है।

रॉयल एनफील्ड द्वारा विवि परिसर में एक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है जोकि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए उपयोगी मॉडल और व्यावहारिक उपकरणों से सुसज्जित है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग भी मौजूद थे। यह कार्यक्रम रॉयल एनफील्ड के क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख श्री अभिषेक रौशन द्वारा संचालित तथा डॉ सुरेंद्र सिंह, सहायक प्रोफेसर द्वारा समन्वयित किया जा रहा है।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए बहुत उपयोगी हैं जो उन्हें उद्योग के लिए तैयार करते हैं। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो राजकुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करेगा जोकि मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में विद्यार्थियों को ऑटोमोबाइल की बुनियादी जानकारी आवश्यक है। इससे उन्हें उद्योग जगत में खुद को स्थापित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर श्री अभिषेक रौशन ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में समझाया और कहा कि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले विद्यार्थी एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पात्र होंगे।

**NEWS CLIPPING:05.10.2021**

# DAINIK JAGRAN

## जेसी बोस विवि में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

D.J.5-10.2021

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमएसी) विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने बीटेक और एमटेक विद्यार्थियों के लिए रायल एनफील्ड के आटोमोबाइल उपकरणों पर तीन दिवसीय मूल्य वर्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 25 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन रायल एनफील्ड के विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। रायल एनफील्ड द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में एक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है जोकि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए उपयोगी माडल और व्यावहारिक उपकरणों से सुसज्जित है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार और कुलसचिव डा. एसके गर्ग भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख अभिषेक रोशन ने किया और सहायक प्रोफेसर डा. सुरेंद्र सिंह ने समन्वय किया।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.10.2021**

# HINDUSTAN

## ऑटोमोबाइल उपकरणों के निर्माण पर कार्यशाला

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के बीटेक और एमटेक छात्रों के लिए रॉयल एनफील्ड के ऑटोमोबाइल उपकरणों पर तीन दिवसीय मूल्य वर्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें करीब 25 प्रतिभागी शामिल हुए। मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, अभिषेक रोशन, डॉ सुरेंद्र रहे।

**NEWS CLIPPING:05.10.2021**

# AMAR UJALA

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

अमर उजाला 5/10/2021

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में सोमवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग के बीटेक और एमटेक के 25 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उन्हें इस दौरान रॉयल एनफील्ड की टीम द्वारा ऑटो मोबाइल की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बीटेक और एमटेक के लगभग 260 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से 25 छात्रों का चयन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। ब्यूरो

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.10.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## छात्रों को दे रहे प्रशिक्षण

एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के मिकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने विद्यार्थियों के लिए रॉयल एनफील्ड के ऑटोमोबाइल उपकरणों पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 25 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसका संचालन रॉयल एनफील्ड के विशेषज्ञ कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। प्रो. राजकुमार, डॉ. एस.के. गर्ग आदि मौजूद रहे।